सत्यमेव जयते
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा सम्पदा महानिदेशालय**
रक्षा सम्पदा भवन
उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी-110010
ई-मेल: rajbhasha-dgde@gov.in एवं
dgdehindi2013@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रक्षा सम्पदा संगठन
DEFENCE ESTATES ORGANIZATION

---

**सं. 35/राजभाषा/रक्षा सम्पदा (60960)** **दिनांक** 04 **जुलाई, 2022**

---

विषय: **महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 17 जून, 2022 को 1530 बजे आयोजित हुई तिमाही बैठक के कार्यवृत्त।**

रक्षा सम्पदा महानिदेशालय की अप्रैल से जून, 2022 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17 जून, 2022 को 1530 बजे श्री अजय कुमार शर्मा, महानिदेशक, रक्षा सम्पदा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मीना बलिमने शर्मा | वरिष्ठ अपर महानिदेशक | सदस्य |
| 2. | श्री वलेटि प्रेमचंद | अपर महानिदेशक (भूमि/आईटी/सर्वे) | सदस्य |
| 3. | श्रीमती सोनम यंगडोल | अपर महानिदेशक (छावनी) | सदस्य |
| 4. | श्रीमती विभा शर्मा | अपर महानिदेशक (प्रशा/समन्वय/ई-छावनी) | सदस्य |
| 5. | श्री अमित कुमार | उप महानिदेशक (प्रशासन) | सदस्य |
| 6. | श्री दमन सिंह | सहायक महानिदेशक (छावनी) | सदस्य |
| 7. | श्री सत्यम मोहन | सहायक महानिदेशक (सर्वे) | सदस्य |
| 8. | श्री जे एल बिश्नोई | सहा. महानिदेशक (अर्जन/अधि./किराया) | सदस्य |
| 9. | श्री श्रीकांत शर्मा | उप निदेशक (छावनी) | सदस्य |
| 10. | श्रीमती चारू तिवारी | सहायक निदेशक (राजभाषा) | सदस्य-सचिव |

<u>अन्य स्टाफ</u>: श्री दीपक कुमार ऋषि, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी

सदस्य-सचिव ने अध्यक्ष महोदय और बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यवाही आरंभ की गई।

**3. <u>पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u> :-**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक, जिसका आयोजन 07 अप्रैल, 2022 को किया गया था, के कार्यवृत्त सभी अधिकारियों को भेजे गए थे। उनकी ओर से कोई टिप्पणी प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त कार्यवृत्त पर सभी की सहमति की पुष्टि की गई।

**(समिति सूचनार्थ)**

क्रमशः ....2

**3. राजभाषा के प्रगामी प्रयोग संबंधी गतिविधियां :-**

राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के क्षेत्र में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति संबंधी माननीय संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के निरीक्षण कार्यक्रमों के अनुक्रम में 04 मई, 2022 को छावनी बोर्ड रानीखेत और 06 मई, 2022 को छावनी बोर्ड बरेली का निरीक्षण किया गया। उक्त दोनों निरीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। यह माननीय संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय से प्राप्त आश्वासन रिपोर्ट से भी परिलक्षित होता है।

छावनी बोर्ड कार्यालय, बरेली को निरीक्षण संबंधी समन्वय कार्य सौंपा गया था। निरीक्षण बैठक के दौरान ही पहली उप समिति के संयोजक महोदय द्वारा छावनी बोर्ड कार्यालय, बरेली की सफल समन्वयकर्ता भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

इसी क्रम को जारी रखते हुए माननीय संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति द्वारा 24 जून, 2022 को रक्षा सम्पदा कार्यालय, लेह तथा 29 जून, 2022 को रक्षा सम्पदा कार्यालय, ऊधमपुर और रक्षा सम्पदा कार्यालय, श्रीनगर का राजभाषायी निरीक्षण किया जाएगा।

**(कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग)**

**4. आगामी राजभाषायी गतिविधियां :-**

आगामी तिमाही में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी कुछ प्रत्यक्ष गतिविधियां जैसे - हिन्दी पखवाड़ा आयोजन, 'सम्पदा भारती' इन-हाउस पत्रिका का ई-प्रकाशन, हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रोत्साहन योजना आदि सम्पन्न की जाएंगी।

(i) हिन्दी पखवाड़ा 2022 का आयोजन पिछले वर्षों की भांति 14 से 28 सितंबर, 2022 तक किया जाएगा। इसमें हिन्दी दिवस, ई-पत्रिका का विमोचन, विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन, हिन्दी निबंध, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शब्द वाक्यांश एवं अनुवाद, श्रुत लेख (केवल डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं एमटीएस हेतु) इत्यादि लिखित सहित तीन मौखिक प्रतियोगिताएं – हिन्दी वाद विवाद, हिन्दी कविता पाठ और हिन्दी प्रश्नोत्तरी (डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित सभी के लिए) (ये सभी प्रतियोगिताएं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित की जाएंगी) एवं हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह 28 सितंबर, 2022 को आयोजित किया जाएगा। बैठक में हुई चर्चा के दौरान अपर महानिदेशक (प्रशासन) तथा अपर महानिदेशक (छावनी) द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसरण में एक अन्य प्रतियोगिता 'आजादी का 75वां अमृत महोत्सव' थीम पर आयोजित की जाएगी जिसमें छावनी बोर्डों द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट रक्षा मंत्रालय को भेजे जाने वाली रिपोर्ट आधार पर अंक दिए जाएंगे।

(ii) इसी सिलसिले में वार्षिक गृह पत्रिका 'सम्पदा भारती' के 15वें अंक के प्रकाशन से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा के दौरान यह तथ्य उभर कर सामने आया कि 'सम्पदा भारती' 15वां अंक ई-प्रकाशन में सभी अनुभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टाइपिंग कार्य हेतु तैयार सामग्री सभी अनुभागों में हिन्दी टंकण के लिए भेजी जाएगी। उक्त सामग्री की सॉफ्ट प्रति को राजभाषा अनुभाग में अंतिम रूप देकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अनुभाग को ई-प्रकाशन कार्य हेतु भेजा जाएगा। 'सम्पदा भारती' पत्रिका का ई-विमोचन दिनांक 14 सितंबर, 2022 को 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर महानिदेशक महोदय के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

**(कार्रवाई: सभी अनुभाग प्रभारी/राजभाषा अनुभाग/आईटी अनुभाग)**

क्रमशः .....3

**5. पिछले कार्यवृत्त पर कार्रवाई :-**

पिछली बैठक के कार्यवृत की मद सं. 2 के अनुपालन संबंधी चर्चा के दौरान महानिदेशक महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार हिन्दी कार्य प्रतिशतता में प्रगति संबंधी उपाय जारी हैं। अनुभागों के अंग्रेजी पत्रों के हिन्दी अनुवाद प्रयासों से महानिदेशालय के मूल हिन्दी पत्राचार में निश्चय ही और वृद्धि होगी।

**(कार्रवाई: राजभाषा / सभी अनुभाग)**

**6.** कार्यवृत्त महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**(कार्रवाई: आईटी अनुभाग)**

**7.** इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

चारू तिवारी

**(चारू तिवारी)**
सहायक निदेशक (राजभाषा)
एवं सदस्य-सचिव, रा.भा.का.स.

<u>**राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य**</u>

<u>**सभी अनुभाग अधिकारी:**</u> उपरोक्त मद सं. 4 के समुचित अनुपालन हेतु।